

# हरीकेन सैंडी परामर्श आधारित बाढ़ उन्नयन (ABFEs)

जैसे-जैसे समुदाय हरीकेन सैंडी के विनाशकारी प्रभाव से उबरना शुरू हुए हैं, सीखे हुए सबकों को पहचानना और क्षति को कम करने वाली गतिविधियों को उपयोग में लाना ज़रूरी है जो सुनिश्चित करते हैं कि ढांचों का मजबूत, सुरक्षित पुनर्निर्माण किया जाए और वे भविष्य में होने वाली बाढ़ की घटनाओं के प्रति कम असुरक्षित हों।

हरीकेन सैंडी से पहले, संघीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी (FEMA), राष्ट्रीय बाढ़ बीमा कार्यक्रम (NFIP) के प्रशासक के रूप में, बाढ़ बीमा दर के नक्शों (FIRMs) को अपडेट करने के लिए न्यू जर्सी और न्यू यॉर्क के तटीय क्षेत्रों का पुनः अध्ययन कर रही थी। ये अपडेट किये गये नक्शे राज्य और स्थानीय अधिकारियों को 2013 के मध्य में दिया जाना तय था। क्योंकि इन क्षेत्रों के मौजूदा FIRMs 25 साल पहले बनाए गये थे, और क्योंकि अपडेट किये गये FIRMs को अभी भी अंतिम रूप दिया जाना बाकी है, इसलिए अल्पकाल में होने वाले पुनर्निर्माण की कोशिशों में सहायता के लिए यह ज़रूरी है कि अल्पकालिक परामर्श आधारित बाढ़ उन्नयन (ABFEs) प्रदान किया जाए।

ABFEs ठोस विज्ञान और इंजीनियरिंग पर आधारित हैं, और मौजूदा FIRMs की तुलना में हाल ही के डेटा और बेहतर अध्ययन के तरीकों से प्राप्त किये जाते हैं। हरीकेन सैंडी सहित, हाल ही की तूफान की घटनाओं के बाद एक आकलन के आधार पर, FEMA ने निर्धारित किया है कि कुछ मौजूदा FIRMs पर दिखाये गये बाढ़ उन्नयन वर्तमान के तटीय क्षेत्र के बाढ़ जोखिम के खतरे को पूरी तरह से प्रदर्शित नहीं करते हैं। ज़्यादातर मामलों में, ABFEs वर्तमान नियामक FIRMs के मुकाबले एक उच्च बाढ़ उन्नयन प्रदर्शित करता है। सम्पत्ति और व्यवसाय मालिकों को पुनर्निर्माण कोशिशों में ABFEs का

उपयोग करने के लिए पूरी तरह से किन्हीं भी आवश्यकताओं को समझने के लिए अपने स्थानीय निर्माण अधिकारियों से बात करनी चाहिए।

ABFEs निम्नलिखित क्षेत्रों में समुदायों के लिए उपलब्ध होगी:

- न्यू जर्सी काउंटियाँ: एटलांटिक, बर्गन, बर्लिंगटन, केप मेय, एसैक्स, हडसन, मिडिलसैक्स, मोनमथ, ओशियन और यूनियन।
- न्यू यॉर्क काउंटियाँ: ब्रोंक्स, किंग्स, न्यू यॉर्क, रिचमॉड, क्वींस और वैस्टचैस्टर।


**उपलब्ध संसाधन**

- हरीकेन सैंडी से बहाली के बारे में अधिक जानकारी के लिए, विज़िट करें: www.fema.gov/sandy
- आपदा सहायता के लिए आवेदन करने के लिए, विज़िट करें: http://www.disasterassistance.gov/
- परामर्श आधारित बाढ़ उन्नयन पर अतिरिक्त जानकारी दिसम्बर 2012 में 2012 क्षेत्र II की तटवर्ती वेबसाइट पर उपलब्ध होगी, विज़िट करें: www.Region2Coastal.com
- बाढ़ बीमा के बारे में प्रश्न पूछने और जानकारी प्राप्त करने और परामर्श आधारित बाढ़ उन्नयन के बारे में सामान्य जानकारी प्राप्त करने के लिए, 1-800-427-4661 पर राष्ट्रीय बाढ़ बीमा कार्यक्रम सहायता केन्द्र को फोन करें।
- सुरक्षित और मजबूत निर्माण कैसे किया जाए और अपने बाढ़ बीमा प्रीमियमों को संभवतः कम करने के बारे में जानने के लिए, http://www.fema.gov/library/viewRecord.do?id=6651 पर जाकर हरीकेन सैंडी के बाद पुनर्निर्माण में सहायता के बारे में निर्माण विज्ञान संसाधनों के तथ्यपत्र को डाउनलोड करें।
- यह जानने के लिए कि क्या आप खतरे को कम करने के अनुदानों और ऋणों को पाने के योग्य हैं, विज़िट करें: www.fema.gov/hazard-mitigation-assistance
- राष्ट्रीय बाढ़ बीमा कार्यक्रम के बारे में और जानने के लिए या एक बीमा एजेंट को तलाशने के लिए, विज़िट करें: www.FloodSmart.gov या 1-888-229-0437 पर फोन करें।
- स्थानीय निर्माण कोड और परमिट प्राप्त करने की आवश्यकताओं के बारे में जानकारी के लिए, अपने सामुदायिक अधिकारियों से सम्पर्क करें

इन क्षेत्रों के लिए भू-स्थानिक डेटा के स्तर और नक्शे FEMA क्षेत्र II की तटीय वेबसाइट परwww.Region2Coastal.com, दिसम्बर 2012, में उपलब्ध होंगे। यह जानकारी संघीय, राज्य और स्थानीय अधिकारियों को सूचित करने और उन्हें पुनर्निर्माण के बारे में सूचित निर्णय लेने में सहायता करने के लिए मार्गदर्शन के साथ उपलब्ध होगी।

ABFEs हरीकेन सैंडी (2005) के बाद पुनर्निर्माण कोशिशों में सफलतापूर्वक इस्तेमाल किये गये थे। लूईज़िआना और मिसीसिपी में कई समुदायों ने ABFEs को अपनाया है, जिससे घरों और व्यवसाय के मालिकों ने ऊंचा और सुरक्षित पुनर्निर्माण किया है, और कुछ मामलों में उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में पॉलिसी धारकों को बाढ़ बीमा प्रीमियम में छूटें प्राप्त हुई हैं।

न्यू जर्सी और न्यू यॉर्क में, संघीय, राज्य और स्थानीय अधिकारियों, बिल्डरों, आर्किटैक्टों, बीमा पेशेवरों, संपत्ति और व्यापार मालिकों को पुनर्निर्माण के बारे में सूचित निर्णय लेने और भविष्य में बाढ़ की घटनाओं का प्रभाव को कम करने के लिए ABFEs का उपयोग करना चाहिए। जो ABFEs का उपयोग न करने का चयन कर रहे हैं वे अपने भविष्य में बाढ़ जोखिम को कम करने के महत्वपूर्ण अवसर को गंवाएंगे। साथ ही, वे समुदाय जो NFIP के समुदाय रेटिंग सिस्टम में भाग ले रहे हैं, NFIP न्यूनतम आवश्यकताओं की तुलना में उच्च मानकों को अपनाने, के परिणामस्वरूप उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में पॉलिसी धारकों के लिए प्रीमियम में छूट के लिए क्रेडिट प्राप्त कर सकते हैं।




*ABFEs प्रोटोटाइप केवल उदाहरण रूपी इस्तेमाल के लिए है*

NFIP पॉलिसी धारकों को हाल के अध्यादेश के बारे में जागरूक होना भी आवश्यक है जो उनके बीमे की भविष्य की दरों को प्रभावित कर सकता है। बिगर्ट-वाटर्स बाढ़ बीमा सुधार अधिनियम 2012, बाढ़ बीमा अनुदानों और छूटों को खत्म करने और वास्तविक बाढ़ जोखिम को प्रतिबिंबित करने के लिए दरों में वृद्धि करने के लिए NFIP से मांग करता है। इन प्रावधानों का उन सम्पत्तियों की दरों पर काफी प्रभाव पड़ सकता है जो NFIP आवश्यकताओं के अनुरूप नहीं हैं, और जो सम्पत्तियाँ भविष्य के मूल बाढ़ उन्नयन के अनुरूप नहीं हैं, वे काफी प्रीमियम बढ़त का सामना करेंगी।

ABFEs को विकसित करने के लिए इस्तेमाल की गई जानकारी FIRMs को अपडेट करने के लिए इस्तेमाल किये जा रहे का एक हिस्सा होगी। बीमा प्रीमियम दरें नहीं बढ़ेंगी और और अनिवार्य खरीद आवश्यकताओं लागू नहीं होंगी जब तक कि संशोधित मूल बाढ़ उन्नयन स्थानीय सरकारों की समीक्षा, टिप्पणी और अपनाने के तहत है। समुदायों को मजबूत, सुरक्षित, पुनर्निर्माण, और भविष्य बाढ़ घटनाओं की कम भेद्यता वाले पुनर्निर्माण करने के लिए जोरदार तरीके से प्रोत्साहित किया जाता है। विश्वसनीय और समय पर बाढ़ खतरा डेटा प्रदान करना FEMA की ओर से न्यू यॉर्क और न्यू जर्सी के तटीय क्षेत्रों के समुदायों को इस विनाशकारी घटना के मद्देनजर समझदारी भरे और मजबूती से बहाली के लिए निर्णय लेने में मदद करने का केवल एक तरीका है।



ABFEs के बारे में अतिरिक्त जानकारी के लिए, दिसम्बर 2012 में www.Region2Coastal.com पर कृपया विज़िट करें। इसके अलावा, संपत्ति और व्यापार मालिकों के लिए पुनर्निर्माण में ABFEs का उपयोग करने के लिए किसी भी आवश्यकताओं को पूरी तरह से समझने के लिए अपने स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर काम करना महत्वपूर्ण होगा। वे निर्णय संपत्ति और व्यापार मालिक अब लेते हैं वे उनके परिवार या व्यापार के लिए एक सुरक्षित और मजबूत भविष्य प्रदान करने में मदद कर सकते हैं।

निर्माण से पहले, संपत्ति और व्यापार मालिकों को अपने घर या इमारत के लिए अनिवार्य उन्नयन का निर्धारण करने के लिए अपने स्थानीय सरकार के अधिकारियों से परामर्श कर लेना चाहिए।